Need to set up a medical college in ESIC Hospital, Jaipur, Rajasthan-laid

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): ESIC - कर्मचारी राज्य बीमा निगम, जो कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन आता है, के पूरे भारत में 9 मेडिकल कॉलेज है । जयपुर राजस्थान की राजधानी है । पिछले से एक दशक में जिस हिसाब से जयपुर की आबादी में वृद्धि हुई है इस तरह जयपुर में कर्मचारियों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है । यहां हजारों की तादाद में कर्मचारी कार्यरत हैं । अतः मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि जयपुर में स्थित ईएसआईसी हॉस्पिटल में मेडिकल कॉलेज शुरू किया जाए तो यहां रहने वाले कार्यरत कर्मचारियों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा और साथ ही जयपुर लोकसभा क्षेत्र के आसपास के अन्य चार संसदीय क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा । जयपुर में स्थापित ईएसआईसी हॉस्पिटल में फिलहाल 300 बेड का इंफ्रास्ट्रक्चर है और यहां एक्सपेंशन का स्कोप भी है । यह मेडिकल कॉलेज स्थापित करने में कोई विशेष भार नहीं पड़ेगा ।